बुधवार अप्रैल 1 को राज्यपाल प्रिटज़कर ने कार्यकारी आदेश 2020-18 जारी करके घर पर रहने के आदेश की अवधि अप्रैल 30 तक बढ़ा दी है। शुक्रवार, मार्च 13 को राज्यपाल प्रिटज़कर ने कार्यकारी आदेश 2020-05 जारी करके प्री-किंडरगार्टन से बारहवीं कक्षा तक के सभी सरकारी और प्राईवेट स्कूलों का शैक्षिक उद्देश्यों के लिए बंद रखना अनिवार्य किया था। आदेश में लिखा है कि स्कूल बंद रहने वाले दिनों को ऐक्ट आफ़ गाड डेयज़ (Act of God Days) के रूप में गिना जाएगा, और स्कूल वर्ष के अंत में इनकी पूर्ति करना आवश्यक नहीं होगा। सभी जिलों को बंद के दिनों में छात्रों को भोजन प्रदान करने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है। यह आदेश आपके लिए क्या मायने रखता है, इस बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कृप्या निम्नलिखित को देखीये।

इन अक्सर पूछे जाते सवालों (FAQ) के अनुवादित संस्करणों के लिए लिंक

शिक्षा FAQ (स्पेनिश) (चीनी) (हिंदी) (पोलिश) (अरबी)

यह बंद किस तरह से वसंत 2020 के राज्य के अनिवार्य मूल्यांकन और जवाबदेही के प्रशासन को प्रभावित करेगा?

संयुक्त राज्य अमेरिका के शिक्षा विभाग ने यह सूचित किया है कि वह मूल्यांकन और जवाबदेही में रियायत प्रदान करेगा। ISBE, इलिनोइस के लिए अगले कदम का निर्धारण करने के लिए हितधारकों के साथ मिलकर कार्य करेगा।

क्या सार्वजनिक बैठकों के कानून (OMA) की किसी आवश्यकताओं में छूट दी गई है?

वर्तमान में, सार्वजनिक बोर्ड वाले स्कूलों और सार्वजनिक संस्थाओं के लिए OMA के अनुपालन में कोई लचीलापन नहीं है। गवर्नर द्वारा अब तक जारी किए गए कार्यकारी आदेशों में OMA के बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है। ISBE सार्वजनिक बैठकों के निरंतर आयोजन के विषय में गवर्नर के कार्यालय, अटार्नी जनरल/पब्लिक एसेस काउंसलर, इलिनोइस के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, काउंटी स्तर के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग और इलिनोइस राज्य के पुलिस विभाग के साथ संपर्क में है। ISBE इन दो विषयों पर मानकों में छूट की वकालत करता रहेगा: स्पष्टता की आवश्यकता (व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति और व्यक्तिगत रूप से टिप्पणी का अवसर) और कोरम के लिए मूल रूप से उपस्थित रहने की आवश्यकता। ISBE यह समझता है कि गवर्नर का कार्यालय इन विषयों पर निरंतर विचार करेगा। वर्तमान में, ISBE के पास रिपोर्ट करने के लिए ओएमए कानून पत्र से कोई लचीलापन या भिन्नता नहीं है।

ISBE अपने बोर्ड की बैठकों के बारे में क्या सोच रहा है?

ISBE की नियमित बैठक 18 मार्च, 2020 को आयोजित होनी नियत है। गवर्नर के कार्यालय, अटार्नी जनरल/पब्लिक एसेस काउंसलर, इलिनोइस के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, काउंटी स्तर के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग और इलिनोइस राज्य के पुलिस विभाग के साथ परामर्श करने के बाद ISBE अपनी बैठक का आयोजन निम्नानुसार करने की योजना बना रहा है:

- बैठक के लिए कार्यसूची में संशोधन करके इसमें केवल समयबद्ध या अनिवार्य मदों को ही शामिल किया गया है।
- बैठक का आयोजन स्प्रिंगफील्ड और शिकागो दोनों ही जगहों पर किया जाएगा। कोरम की गणना में दोनों जगह पर बैठक में उपस्थित रहने वाले बोर्ड सदस्यों को शामिल किया जाएगा।

- यदि कोरम पूरा हो जाता है, तो बोर्ड के सदस्य बैठक में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं होकर भी इसमें अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं। ISBE मौजूदा आपातकालीन स्थिति को निर्धारित “अन्य आपातकाल” के रूप में मान्य कर रहा है जो किसी सदस्य को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने में छूट देता है। 5 ILCS 120/7(a)(iii).
- आम जनता को टेलिफोन कान्फ्रेंस, वेब – कान्फ्रेंस, और ISBE आडियो कास्ट के माध्यम से जनता सहभागिता प्रदान की जाएगी। बैठक की वीडियो रिकार्डिंग भी की जाएगी और बैठक समाप्त होने के बाद यह समीक्षा के लिए उपलब्ध रहेगी।
- टेलिफोन कान्फ्रेंस और वेब – कान्फ्रेंस के माध्यम से जनता को अपनी टिप्पणियाँ देने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। जनता सहभागिता के दौरान यदि कोई व्यक्ति बोर्ड को संबोधित करना चाहता है, तो वह हमारी कार्यसूची में वर्णित विशिष्ट पंजीकरण आवश्कताओं का अनुसरण करके ऐसा कर सकता है।
- जनता की टिप्पणियों के लिए वक्ताओं को ISBE के जनता सहभागिता हेतु दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के लिए कहा गया है, जिसमें उनकी टिप्पणियों के लिए तीन मिनट की सीमा शामिल है।
- ISBE की बैठक के लिए कार्यसूची के विषयों के कारण प्रभावित हुए कुछ समूहों को बोर्ड की बैठक में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने और व्यक्तिगत रूप से जनता की टिप्पणी देने के लिए पूर्व-अनुमोदित उपस्थित रहने वालों की बहुत ही सीमित संख्या को अवसर प्रदान किया जा रहा है। बैठक के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के लिए केवल अनुमोदित उपस्थित रहने वाले व्यक्तियों को ही अनुमति दी जाएगी। इलीनोइस राज्य की पुलिस और निजी सुरक्षा इस सीमा को लागू कर रहे हैं।
- ISBE, OMA में छूट देने या सार्वजनिक बोर्डों को लचीलापन प्रदान करने के लिए गवर्नर से एक आपातकाल आदेश जारी करवाने के लिए इस योजना में संशोधन करने का विचार कर रहा है।

हितधारकों, जनता, बोर्ड के सदस्यों और ISBE के कर्मचारियों के बहुत सारे जोखिमों पर ध्यानपूर्वक विचार-विमर्श करने के बाद ISBE उपरोक्त योजना पर पहुँचा है। एजेंसियो द्वारा OMA की स्पष्टता आवश्कताओं के सख्ती से अनुपालन में विफल होने पर सामना किए जानेवाले जोखिमों के बावजूद ISBE अपनी बैठक का इस ढंग से आयोजन कर रहा है। ISBE का मानना है कि पारंपरिक रूप से एक सार्वजनिक बैठक के लिए अनुमति देना लोगों के स्वास्थ्य के लिए एक बहुत बड़ा खतरा होगा।

ISBE यह सिफारिश करता है कि स्कूल डिस्ट्रिक्स को सार्वजनिक बैठकों के बारे में केवल ISBE द्वारा निर्धारित की गई रणनीति के साथ ही आगे बढ़ने का केवल एक ही विकल्प उपलब्ध है। किसी भी स्कूल डिस्ट्रिक्ट को पहले अपने बोर्ड और कानूनी परामर्शदाताओं के साथ सलाह किए बिना ओएमए की अनुपालन से संबंधित कोई भी निर्णय नहीं लेना चाहिए।

क्या डिस्ट्रिक्स को बैठकों को रद्ध करने का विचार करना चाहिए?

ISBE की सिफारिश है कि यदि किसी बोर्ड के सामने कोई ऐसा विषय नहीं है जिसके लिए तत्काल निर्णय की आवश्कता है, तो स्कूलों को बैठकों को रद्ध या पुन: निर्धारित करने का विचार करना चाहिए। संभवत यह बहुत से स्कूल बोर्डों के लिए एक उचित विकल्प नहीं होगा; तथापि, जो भी आयोजन करना चाहते हैं उन्हें राजकोषीय और शिक्षकों के मूल्यांकन/धारणीय आवश्कताओं दोनों को पूरा करना सुनिश्चित करना चाहिए।

अनिवार्य रूप से बंद होने के दौरान दिनों की गणना किस तरह से की जाएगी?

गवर्नर के कार्यकारी आदेश 2020-05 के अवलोकन में जितने भी दिन स्कूल बंद रहेगा उन सभी दिनों को **दैवी विधान दिनों (Act of God Days) के रूप में गिना जाएगा।**

आपातकालीन दिनों का उपयोग नहीं किया जाएगा। इस समय, स्कूली वर्ष के समापन पर इन दैवी विधान दिनों को गिनने की आवश्कता नहीं होगी।

स्कूल डिस्ट्रिक्स को इन दैवी विधान दिनों के दौरान विद्यार्थियों को जो भी माध्यम उपलब्ध हो उससे निदेश प्रदान करने के लिए अत्यधिक प्रोत्साहित किया गया है। ISBE ने www.isbe.net/keeplearning पर ऑनलाइन संसाधनों का एक ग्रंथालय बनाया है।

स्कूल डिस्ट्रिक्स को शिक्षकों और अन्य स्टाफ की अपेक्षाओं के बारे में उनकी स्थानीय सामूहिक सौदाकारी एककों के साथ परामर्श करना चाहिए। शिक्षकों को दैवी विधान दिनों के दौरान भुगतान किया जाता है, और शिक्षक सेवानिवृत्ति प्रणाली (TRS) सेवा के लिए दैवी विधान दिनों की गणना की जाती है।

यदि अनिवार्य रूप से बंद होने से पूर्व ही स्कूल बंद थे, तो दिनों की गणना कैसे की जाएगी?

17 मार्च, 2020 से पूर्व कोरोनावायरस/कोविड-19 के कारण छूटे दिनों की गणना आपातकाली दिनों के रूप में होनी चाहिए, बशर्ते डिस्ट्रिक्ट के पास उपयोग के लिए आपातकालीन दिन उपलब्ध हों।

यदि डिस्ट्रिक्स आपातकालीन दिनों की जगह पर एक शिक्षक संस्थान दिन का उपयोग करने का चयन करती हैं, तो उन्हें अपने स्कूल के कैलेंडर को संशोधित करने की आवश्यकता नहीं होगी।

यदि डिस्ट्रिक्स स्कूलों के राज्यव्यापी बंद होने से पहले आपातकाली दिनों के उपयोग की जगह पर वसंत ऋतु के अवकाश को परिवर्तित करने का चयन करती हैं, तो उन्हें अपने स्कूल के कैलेंडर को संशोधित करने की आवश्यकता नहीं होगी।

यदि अनिवार्य रूप से स्कूल बंद होने से पूर्व ही आपातकालीन दिनों की जगह पर किन्हीं ई-लर्निंग दिनों का उपयोग किया गया है, इन्हें प्रशिक्षण दिनों के रूप में गिना जाएगा।

क्या अनिवार्य रूप से स्कूल बंद होने के दौरान आपातकालीन दिनों की जगह पर ई-लर्निंग दिनों का उपयोग किया जा सकता है?

अनिवार्य रूप से स्कूल बंद होने के दौरान ई-लर्निंग को स्कूल कैलेंडर में प्रशिक्षण दिनों के रूप में नहीं गिना जाएगा।

यह उम्मीद की जाती है कि इन दैवी विधान दिनों के दौरान स्कूल जो भी माध्यम संभव हो वह उसके जरिए विद्यार्थियों को निदेश प्रदान करेंगे। आगे के मार्गदर्शन के लिए कृपया "अनिवार्य रूप से स्कूल बंद होने के दौरान दिनों की गणना कैसे की जाएगी" यह प्रश्न देखें।

क्या अनिवार्य रूप से स्कूल बंद होने के दौरान ROEs/ISCs को ई-लर्निंग योजनाओं को अनुमोदित करना होगा?

अनिवार्य रूप से स्कूल बंद होने के दौरान ई-लर्निंग को स्कूल कैलेंडर में प्रशिक्षण दिनों के रूप में नहीं गिना जाएगा, इसलिए अनिवार्य रूप से स्कूल बंद होने के दौरान ROEs/ISCs को ई-लर्निंग योजनाओं को अनुमोदित करने की आवश्यकता नहीं होगी।

स्कूल डिस्ट्रिक्स के पास तकनीक और नि:शुल्क ऑनलाइन संसाधनों सहित, जो भी माध्यम संभव हो उसके जरिए निरंतर अध्ययन के अवसर प्रदान करने की पूर्ण स्वायत्ता है। हम प्रत्येक स्कूल और डिस्ट्रिक्ट को स्कूल समुदाय के लिए जो भी बेहतरीन कार्य करे उसकी खोज करने और उसे लागू करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ISBE ने www.isbe.net/keeplearning पर ऑनलाइन संसाधनों का एक ग्रंथालय बनाया है।

यदि वसंत ऋतु के अवकाश की तारीखें अनिवार्य रूप से स्कूल बंद करने की समय-सीमा के अंदर नहीं आती हैं, तो सभी डिस्ट्रिक्स को वसंत ऋतु के अवकाश की तारीखों को परिवर्तित करना होगा?

किसी भी स्कूल डिस्ट्रिक्ट को अनिवार्य रूप से बंद होने की अवधि के भीतर पड़ने वाले आगामी स्प्रिंग ब्रेक की तारीखों को बदलने की आवश्यकता नहीं है; हालांकि, इस स्कूल वर्ष के दौरान छात्रों के सीखने के अवसरों को अधिकतम करने के लिए इसे दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है।

क्या डिस्ट्रिक्स को बंद के दौरान छात्रों को भोजन उपलब्ध कराना आवश्यक है?

जबकि डिस्ट्रिक्स को अनिवार्य रूप से बंद करने के दौरान छात्रों को भोजन प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है, सभी बच्चों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए इसे यह दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है। कृपया उन सभी बच्चों के लिए भोजन प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करें जिन्हें उसकी आवश्यकता है, चाहे वे किसी भी स्कूल के हों, यह इस तरह से होना चाहिए कि आप समुदाय के लिए सबसे अच्छा काम करते हैं, जैसे कि ले और जाएं (ग्रैब-एंड-गो) या डिलीवरी।

भागीदारी की आवश्यकताएं

- भोजन में भोजन के पैटर्न की आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए।
- 18 वर्ष और उससे कम आयु के सभी बच्चों को , या स्कूल में नामांकित बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की प्रतिपूर्ति कर दी जाएगी।
- वयस्कों को दिए जाने वाले भोजन के लिए कोई प्रतिपूर्ति नहीं है, हालांकि खरीदने के लिए स्कूल इस तरह के भोजन की पेशकश कर सकता है।
- भोजन सेवा प्रकार के लिए दैनिक गिनती मायने रखती है। कृपया यह सुनिश्चित करें कि आप दैनिक आधार पर इस डेटा को एकत्र कर रहे हैं।
- स्कूलों को खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं से संबंधित प्रश्नों के लिए स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग से परामर्श करना चाहिए।

कार्यान्वयन मार्गदर्शन

- सुनिश्चित करें कि सभी छात्रों की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा किया जाए। इसमें एलर्जी और अन्य खाद्य प्रतिबंधों वाले छात्र शामिल हैं। भोजन को उचित रूप से चिह्नित करना सुनिश्चित करें।
- जहां आवश्यक हो, वहां कई भौगोलिक रूप से स्थित खाद्य वितरण केंद्र बनाएं। छात्रों को स्कूल के अंदर भोजन खाने की इजाजत नहीं है।
- सुनिश्चित करें कि सभी आवश्यक कर्मियों को छात्र और कर्मचारियों की सुरक्षा को अधिकतम करने के लिए तैनात किया जाए और सभी वितरण स्थलों की निगरानी की जाए।
- वितरण के उन तरीकों का पता लगाए जो लोगों के अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके और सामाजिक दूरी करना संभव हो सके।
- छात्रों को एक दिन में दो बार भोजन (एक नाश्ता, एक दोपहर का भोजन, या किसी भी संयोजन में एक नाश्ता) दिया जा सकता है। दोनों भोजन या तो पिक-अप, ड्राइव-अप या वितरण के माध्यम से एक बार में वितरित किया जा सकता है।
- माता-पिता/अभिभावक या छात्र स्वयं भोजन ले सकते हैं। बच्चों को भोजन प्राप्त करने के लिए वयस्क के साथ लाने की आवश्यकता नहीं है।
- यह समझते हुए कि परिवारों को इस समय के दौरान चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए प्रत्येक भोजन सेवा के लिए भोजन पिक-अप करने के लिए पर्याप्त और उचित समय दें।
- उपलब्ध भोजन सेवा के बारे में परिवारों तथा बच्चों को सूचित करने के लिए संचार के कई तरीकों का उपयोग करें, जिसमें समय, स्थान और वितरण की विधि की सूचना भी दी जाए।
- वितरण के कई तरीकों पर विचार करें, जैसे: ड्राइव अप; वॉक अप ; पुस्तकालयों, चर्चों, पार्क डिस्ट्रिक्स, और युवा केंद्रों जैसे उपग्रह स्थानों; बस मार्गों के माध्यम से होम डिलीवरी; और अन्य विकल्प।

क्या डिस्ट्रिक्स को छात्रों के लिए बिना एकत्र किए भोजन प्रदान करने के लिए फॉर्म पूरा करना आवश्यक है?

ISBE ने स्कूल बंद होने की अवधि के दौरान 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को भोजन प्रदान करने के लिए पहले ही USDA छूट प्राप्त कर ली है। डिस्ट्रिक्स को एक पृष्ठ वाली छूट का फॉर्म भरना होगा जिसमें मुश्किल से 10 मिनट से कम समय लगेगा: https://www.isbe.net/Documents/ISBE-66-98.pdf. कृपया जल्द से जल्द IBSE को भेजें CNP@IBSE.net।

यदि डिस्ट्रिक्ट भोजन देने के लिए बसों का उपयोग करते हैं, तो क्या उसकी माइलेज की प्रतिपूर्ति की जाएगी?

परिवहन लागत यूएसडीए छूट के तहत एक स्वीकार्य लागत है। प्रतिपूर्ति की दर प्रत्येक डिस्ट्रिक्ट की विशिष्ट प्रोग्रामिंग पर निर्भर हो सकती है। इसके अलावा, ISBE स्कूलों के लिए परिवहन प्रतिपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अन्य विकल्पों की समीक्षा कर रहा है, जिसमें प्रशासनिक संहिता के भाग 120 में संभावित परिवर्तन शामिल हैं ताकि स्कूल बंद होने के कारण खाद्य खर्चों के लिए नियमित परिवहन प्रतिपूर्ति की अनुमति दी जा सके।

क्या ऐसे स्कूल और स्कूल डिस्ट्रिक्स जो फेडरल वित्त पोषित दोपहर के स्कूल भोजन या नाश्ता कार्यक्रम में भाग नहीं करते हैं, वे छात्रों को भोजन प्रदान कर सकते हैं?

ऐसे स्कूल और स्कूल डिस्ट्रिक्ट जो फेडरल वित्त पोषित दोपहर के स्कूल भोजन या नाश्ता कार्यक्रम में भाग नहीं लेते हैं, उन्हें छूट जमा करने की जरूरत नहीं है और उन्हें छात्रों को भोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ISBE अपने नेटवर्क के साथ काम करने

वाले प्रमुख खाद्य बैंकों जैसे सामुदायिक संगठनों के साथ काम कर रहा है, जो अपने क्षेत्रों में सहायता के रूप में जहां भी भोजन की जरूरत हो सकती है, वहाँ काम कर रहे हैं।

स्कूल लौटने के लिए समयसीमा क्या हैं?

इस समय स्कूल कार्यकारी आदेश 2020-18 की अवधि, जो कि फ़िलहाल गुरूवार अप्रैल 30 तक है, के दौरान बंद रहेंगे। राज्यव्यापी स्कूल बंद करने के संबंध में भविष्य के निर्णय सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों के परामर्श से किए जाएंगे। अपडेट के लिए इस वेबसाइट को देखते रहें।

क्या कार्यकारी आदेश 2020-05 के अनुसार गैर-सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है?

हां, गैर सरकारी और सरकारी दोनों प्रीकिंडरगार्टन ग्रेड 12 स्कूलों के को मंगलवार को 17 मार्च से सोमवार, 30 मार्च तक बंद करना होगा। इस समय की स्थिति के हिसाब से स्कूल मंगलवार, 7 अप्रैल को फिर से खुल सकते हैं। यह आदेश पैरोशियल और चार्टर स्कूलों सहित सभी इलिनोइस सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों पर लागू होता है।

अनिवार्य रूप से बंद का प्रीकिंडरगार्टन कार्यक्रम पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

सरकारी स्कूल-जिले और गैर-सरकारी स्कूल द्वारा संचालित एक प्रीकिंडरगार्टन कार्यक्रम अप्रैल 30 तक बंद किया गया है। समुदाय आधारित या अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित प्रीकिंडरगार्टन कार्यक्रमों को बच्चों और परिवार सेवा विभाग और उनके स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पालन करना चाहिए।

क्या बंद होने के दौरान ड्राइवर की शिक्षा के लिए बिहाइन्ड-द-व्हील(behind-the-wheel) इंस्ट्रक्शन जारी रह सकते हैं?

सरकारी और गैर-सरकारी स्कूल जो बिहाइन्ड-द-व्हील शिक्षा प्रदान करते हैं, उन्हें भी अनिवार्य रूप से स्कूल बंद होने की अवधि के दौरान यह शिक्षा प्रदान नहीं करनी चाहिए।

यदि किसी डिस्ट्रिक्स के पास विशेष शिक्षा के संबंध में प्रश्न है तो क्या होगा?

IBSE वर्तमान में विशेष शिक्षा के बारे में सवालों की समीक्षा कर रहा है और जैसे ही यह उपलब्ध हो जाते हैं उसे सूचना के रूप में उपलब्ध करा दिया जाएगा।

क्या डिस्ट्रिक्ट में अनिवार्य बंदी के दौरान स्कूल भवनों में स्टाफ रूक सकता है, जिसमें शिक्षक संस्थान के दिनों भी शामिल है?

जबकि स्कूलों को वर्तमान में बंद कर दिया गया है, कार्यकारी आदेश 2020-05 कर्मचारियों को साइट पर मौजूद होने से नहीं रोकता है।IBSE दृढ़ता से सिफारिश करता है कि प्रत्येक स्कूल नियमित रूप से स्कूल के घंटों के दौरान साइट पर एक प्रशासक रखे, अगर किसी छात्र को किसी सुरक्षित जगह की जरूरत पड़ती है तो। यदि ई-लर्निंग, पर्यवेक्षण या योजना उद्देश्यों के लिए कई स्टाफ सदस्य मौजूद हैं, तो कृपया सामाजिक दूरी बनाए रखें। आपका स्थानीय जन स्वास्थ्य विभाग दिशा-निर्देश प्रदान कर सकता है।

क्या किसी डिस्ट्रिक्ट में हर स्कूल भवन में प्रशासक होना जरूरी है?

जबकि कई छात्रों और परिवारों के पास इस अभूतपूर्व स्कूल बंदी के दौरान है विकल्प हैं, कुछ परिवारों के पास ये विकल्प नहीं हैं या कुछ परिवार स्कूल बंद होने की सूचना तुरंत प्राप्त करने योग्य नहीं हैं। IBSE दृढ़ता से हर स्कूल में साइट पर एक प्रशासक रखने की सिफारिश करता है क्योंकि इससे स्कूल में आने के वाले छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।ISBE भी जिलों को प्रोत्साहित करने के लिए अपने स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करने के लिए सक्रिय रूप से सामाजिक दूरी परिदृश्यों पर चर्चा करें।

क्या स्कूल प्रशासन को बंद के दौरान शिक्षक और कर्मचारी को स्कूल में बुलाने की आवश्यकता हो सकती है?

IBSE वर्तमान में इस मुद्दे के बारे में हितधारकों के साथ परामर्श कर रहा है और उपलब्ध होते ही जानकारी प्रदान कर दी जाएगी।

स्कूल डिस्ट्रिक्स को दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है कि वे इस दैवीय आपदा के दौरान किसी भी माध्यम से छात्रों को निर्देश प्रदान करें।

स्कूल डिस्ट्रिक्स को शिक्षकों और अन्य स्टाफ की अपेक्षाओं के बारे में उनकी स्थानीय सामूहिक सौदाकारी एककों के साथ परामर्श करना चाहिए। शिक्षकों को दैवी विधान दिनों के दौरान भुगतान किया जाता है, और शिक्षक सेवानिवृत्ति प्रणाली (TRS) सेवा के लिए दैवी विधान दिनों की गणना की जाती है।

क्या चाइल्ड केयर की सुविधा अभी भी उपलब्ध है?

शुक्रवार, 20 मार्च को गवर्नर प्रिट्जकर (Pritzker) ने इलिनोइस में सभी चाइल्ड केयर सेंटर और घरों को बंद करने का आदेश दिया। शनिवार, 21 मार्च से:

- आवश्यक श्रमिकों के छह या उससे कम बच्चों की सेवा के लिए बाल देखभाल गृह खुल सकते हैं।
- बाल देखभाल केंद्र आपातकालीन बच्चे की देखभाल लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं जिससे कि वे कम से कम कार्मिकों के साथ 10 या उससे कम बच्चों की देखभाल कर सकते हैं।

आवश्यक कर्मियों के लिए आपातकालीन बाल देखभाल के लिए नवीनतम जानकारी यहाँ उपलब्ध हैं।